प्रेषक,

क्षितिज कुमार श्रीवास्तव
(न्यायिक सदस्य)
वाणिज्य कर अधिकरण,
बरेली पीठ–बरेली ।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद ।

विषयः– <u>अचल सम्पत्ति क्रय करने हेतु माननीय महोदय से अनुमति के लिए सर्कुलर नं0 25/एडमिन(ए) 13 जुलाई 1998 के अनुसार निर्धारित प्रारुप में सूचना</u>

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा एक आवास जिसका रकवा 220 वर्ग मीटर है। जिसपर एक घर बना हुआ है जिसका कवर्ड क्षेत्रफल 180.92 वर्ग मीटर है। जिसके मालिक श्री राम निवास गुप्ता पुत्र **S/O** स्व0 श्री सत्य प्रकाश गुप्ता से मकान को खरीदने का इकरारनामा अंकन 85,00,000/–रुपये में किया है। जिसके संबंध में वांछित सूचनाएं सर्कुलर नं0 25/एडमिन(ए) दिनांकित 13 जुलाई 1998 के अनुसार बिन्दुवार प्रेषित की जा रही है।

बिन्दु संख्या एकः– 25/05/2001

बिन्दु संख्या दोः– वर्तमान कुल वेतन 2,14,980/–रुपये पर शुद्व वेतन 1,58,580/–रुपये है।

बिन्दु संख्या तीनः– प्रार्थी द्वारा 23/11/2016 को क्रेटा वाहन सं0 **UP 61 AD 0789** रु0 13,85,000 लाख में क्रय किया था जिसकी सूचना माननीय उच्च न्यायालय को पत्रांक 126/**(XV)** दिनांकित 30/01/2017 द्वारा दी गई थे

बिन्दु संख्या चारः– प्रार्थी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय से किसी प्रकार का ऋण या अग्रिम अभी तक नहीं लिया गया है।

बिन्दु संख्या पांचः– प्रार्थी द्वारा अपनी कार क्रय करने के दौरान भारतीय स्टेट बैंक गाजीपुर से 23/11/2016 को 9,00,000/–रुपये ऋण लिया था जिसकी 7 बर्ष के लिए 84 मासिक किश्त 14755/–रुपये की थी। प्रार्थी को वित्तीय बर्ष 2018–19 में **L.L.M. increment** का एरियर मिला था जिससे सम्पूर्ण लोन अदा कर दिया गया। वर्तमान में प्रार्थी पर कोई लोन नहीं है।

बिन्दु संख्या छः :– अब प्रार्थी मकान क्रय कर रहा है अतः यह बिन्दु प्रार्थी पर लागु नहीं होता है।

बिन्दु संख्या सातः– प्रार्थी जिस मकान को क्रय कर रहा है उसका क्षेत्रफल 220 वर्ग मीटर है जिसका भवन नं0 183, आशीष रॉयल पार्क बरेली जो खसरा नं0 31 लगायत 34 वाके ग्राम नवादा जोगियान परगना व जिला बरेली पर आवासीय मकान स्थित है। तथा नक्शा बरेली निकाय प्राधिकरण से स्वीकृत है, वर्तमान में उक्त सम्पत्ति का सर्किल रेट 27500 रुपया प्रति वर्ग मीटर तथा निर्माण दर लगभग 18000 रुपया प्रति वर्ग मीटर है।

बिन्दु संख्या आठः– उक्त भवन के स्वामी श्री राम निवास गुप्ता पुत्र श्री स्व0 सत्य प्रकाश गुप्ता 5–B मण्डल विहार कालोनी बरेली में निवास करते हैं।

बिन्दु संख्या नौः– विक्रेता कृषक एवं गल्ला व्यापारी है और सम्मानित व्यक्ति है।

बिन्दु संख्या दसः– उपरोक्त विक्रेतागण, प्रार्थी (न्यायिक अधिकारी) से किसी भी प्रकार से संबंधित नहीं है और न ही उक्त विक्रेता के विरुद्ध कोई वाद प्रार्थी के न्यायालय में लम्बित है और न ही प्रार्थी द्वारा उनसे संबंधित कोई वाद कहीं भी और कभी भी निर्णीत किया गया है।

बिन्दु संख्या ग्यारहः– प्रार्थी द्वारा विक्रेतागण के साथ उक्त सम्पत्ति को 85,00,000/ रुपये में क्रय करने का इकरारनामा किया है तथा सम्पत्ति की खरीद पर 7,50,000 रुपये के स्टाम्प लगेगा। इस प्रकार कुल क्रय व्यय 92,50,000 रुपये होगा। जिसमें से 27,00,000/ रुपये प्रार्थी अपने वेतन खाता सं0 30055228134 से भुगतान करेगा। प्रार्थी द्वारा विक्रेता से करार करते हुए मुवलिक 15,00,000 रुपये चेक सं0 462815 व 462816 के द्वारा दिए गए हैं। शेष 12,00,000 रुपये भी प्रार्थी अपने वेतन खाता सं0 30055228134 से ही करेगा। प्रार्थी की माता श्रीमती सुमन श्रीवास्तव पेंशनर हैं जो स्वास्थ विभाग से पेंशन प्राप्त करती हैं। मेरी माता व पिता का संयुक्त खाता पंजाब नेशनल बैंक में खाता सं0 1870000100326116 है। जिसका संचालन मेरे पिता की मृत्यु के बाद मेरी माता करती हैं एवं मेरी माता का व्यक्तिगत खाता भी पंजाब नेशनल बैंक में है। जिसका नं0 1870000100547339 है। मेरी माता अपने उक्त खाते से 25,50,000 रुपये प्रार्थी को उपहार स्वरुप सम्पत्ति खरीदने के लिए देंगी। प्रार्थी की माता प्रार्थी के साथ ही रहती हैं। जिनकी देखभाल प्रार्थी स्वयं करता है। शेष 40 लाख रुपये प्रार्थी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 20 वर्ष के लिए गृह त्रण लेगा जिसकी मासिक किस्त लगभग 30,500 रुपये होगी।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्राथी को बिन्दु संख्या–7 में वर्णित सम्पत्ति को खरीदने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें। प्रार्थी आजीवन आभारी रहेगा।

संलग्नकः– (1) इकरारनामा की छायाप्रति।
(2) पासबुक क्षितिज कुमार श्रीवास्तव छायाप्रति
(3) पासबुक सुमन श्रीवास्तव छायाप्रति
(4) ऋण सहमति पत्र स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा एकता नगर बरेली।
(5) सहमति पत्र श्रीमती सुमन श्रीवास्तव माता

भवदीय

27/7/2020

(क्षितिज कुमार श्रीवास्तव)
न्यायिक सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण,
~~बरेली पीठ–बरेली~~

क्षितिज कुमार श्रीवास्तव
एच०जे०एस०
सदस्य वाणिज्य कर अधिकारी
बरेली पीठ-बरेली